18- Dec -JASHPUR-BHOOMI-pg-1_Layout 1 12/18/2023 7:42 PM Page 1

हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 19 दिसंबर 2023
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान
अधिकतम 12.2 डिग्री
न्यूनतम 8.2 डिग्री

4 शेष बोनस देने अब तक न जानकारी मांगी और न ही जारी हुआ सर्कुलर




## खबर संक्षेप

### ठंड के मद्देनजर चौक चौराहों पर की गई अलाव की व्यवस्था

**अम्बिकापुर।** कड़ाके की ठण्ड के बीच लोगों को राहत देने के लिए जिला प्रशासन द्वारा जगह जगह अलाव की व्यवस्था की गई है। कलेक्टर कुंदन कुमार के निर्देश पर ननि के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में चौक चौराहों पर आवश्यकता के अनुसार अलाव की व्यवस्था की गई है। बता दें कि जिले में पिछले कुछ दिनों से लगातार तापमान गिर रहा है जिसके चलते शीतलहर का प्रकोप जारी है और आने वाले दिनों में इसमें और अधिक गिरावट होने की आशंका जताई जा रही है। कलेक्टर कुंदन कुमार ने नगरी निकाय, ग्राम पंचायत, बड़े कसबे और आबादी वाले स्थान जैसे बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, चौक चौराहों पर अलाव की व्यवस्था तत्काल की जाएगी उन्होंने बताया कि पिछले तीन-चार दिनों से लगातार तापमान गिरता जा रहा है। जिले में इस तरह की स्थिति को देखते हुए अलाव जलाकर ठंड से बचें। लकड़ी की खपत को कम करने के लिए गोबर से बने उपले और गोबर लकड़ी का इस्तेमाल करें। कलेक्टर ने जिलेवासियों से आह्वान किया है कि ठंड से बचने के लिए पूरे कपड़े पहने और अलाव का उपयोग करें। इस बदलते मौसम में थोड़ी सावधानी बरतें अपने व परिजनों की सेहत का विशेष ध्यान रखें।

### दिल्ली में बंधक बनाए गए दस पहाड़ी कोरवा मजदूर

**अंबिकापुर।** मैनपाट के दस मजदूरों को दिल्ली में बंधक बनाए जाने का मामला सामने आया है। बंधक बनाए गए मजदूर पहाड़ी कोरवा समुदाय के है। युवकों को अच्छा रोजगार दिलाने का झांसा देकर दिल्ली में ले जाकर बेच दिया गया है। अब बंधक बनाए गए मजदूरों में से एक ने वीडियो भेजकर मदद की गुहार लगाई है। बताया जा है कि मैनपाट के सुपलगा क्षेत्र में रहने वाले पहाड़ी कोरवा युवाओं को अच्छी नौकरी दिलाने का झांसा देकर को दलाल अपने साथ दिल्ली ले गया था। दिल्ली में युवक विगत कई महीनों से रह रहे युवकों को उनकी मजदूरी नहीं दी जा रही है और उन्हें अलग अलग स्थानों पर रखकर काम गन्ने के खेत में काम कराया जा रहा है। युवकों द्वारा जब घर लौटने की बात कही जाती है तो उन्हें घर नहीं आने दिया जा रहा है। ऐसे में मजदूरों में से एक युवक रोहित ने अपना वीडियो बनाकर मैनपाट में परिजन को भेजा है और मदद की गुहार लगाई है।

### विधायक ने पुल व सड़क निर्माण का किया निरीक्षण

**बतौली/सेदम।** सीतापुर विधायक पूर्व सैनिक रामकुमार टोप्पो आज अपने विधानसभा क्षेत्र के मैनपाट क्षेत्र में हो रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे और निरीक्षण पश्चात संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सुपलगा में निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण किया और उसके गुणवत्ता को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही सही ढंग से निर्माण कार्य करने की हिदायत दी। इसके उपरांत सुपलगा वन विभाग द्वारा कराए जा रहे सड़क निर्माण का औचक निरीक्षण किया। साथ ही कमलेश्वरपुर में हो रहे रोड निर्माण को गुणवत्ता की कमी होने पर कार्य पर रोक लगा दी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से फोन से चर्चा कर निरीक्षण करने तथा निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण न हो तब तक पुनः चालू न करने की बात कही।

### नगर सेना के जवान की बुलेट घर के आंगन से पार

**बिश्रामपुर।** नगर सेना सूरजपुर कार्यालय में पदस्थ लांस नायक के घर से बीती रात चोरों ने बुलेट मोटरसाइकिल चोरी कर लिया है। चोरी की सूचना बिश्रामपुर थाना में दे दी गई है। जानकारी के अनुसार सूरजपुर नगर सेना कार्यालय में लांस नायक के पद पर कार्यरत शिव कुमार रवि के एसईसीएल आवासीय माईनस कालोनी के झुग्गी बस्ती में स्थित आवास में बीती रात अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर घर के आंगन में खड़ी बुलेट मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 29 एई 0830 को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया है।

## जल्द पूरा होगा गरीबों के घर का सपना

# 30 हजार से अधिक परिवारों को मिलेगा पीएम आवास का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में विगत दिनों आयोजित कैबिनेट की प्रथम बैठक में राज्य के ग्रामीण अंचल के आवासहीन के लिए अहम फैसला लिया गया। राज्य में 18 लाख 12 हजार 743 जरूरतमंद परिवारों को तत्परता से आवास की स्वीकृति देने के साथ ही आवश्यक धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी।

जशपुर जिले में 30 हजार से अधिक परिवारों को भी इसका जल्द लाभ मिलेगा। जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना से गरीब तबके के लोगों का अपना पक्का मकान बनाने का सपना साकार हो रहा है। जिन परिवारों को पूर्व में राशि नहीं मिली एवं जिन परिवारों का आवास के लिए स्वीकृति हो गई उन्हें जल्द ही निर्माण की मंजूरी देने के साथ ही राशि उपलब्ध कराई जाएगी। प्रधानमंत्री




आवास योजना के तहत ऐसे गरीब परिवारों को घर मुहैया कराया जा रहा है, जिनका सामाजिक एवं आर्थिक जनगणना 2011 की पात्र परिवार की सूची में नाम दर्ज है। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत सभी बेघर और जिनके घरों में मरम्मत की आवश्यकता है, ऐसे परिवारों को मकान बनाने के लिए वित्तीय सहायता दी जा रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के बेहतर क्रियान्वयन के लिए जिला प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है। हितग्राहियों के खातें में राशि अंतरित करने के बाद राशि का सही जगह उपयोग हो अर्थात जारी राशि से आवास का ही निर्माण कार्य कराया जाये इसकी सतत मानिटरिंग की जा रही है।

हितग्राही प्रेरित होकर प्राप्त राशि से आवास निर्माण करा रहे है। नई सरकार के इस निर्णय के बाद हितग्राही खुश हैं और वे इसके लिए मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री को धन्यवाद दे रहे हैं। इस योजना से लोगों को अपने कच्चे आवासों से मुक्ति मिलेगी और योजना से लाभान्वित सभी हितग्राही अपने पक्के आशियाने में खुशहाल जिंदगी बसर कर पाएंगे।

## असामाजिक तत्वों ने भाजपा कार्यालय के सामने चिपकाया पर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- पर्चा में लिखा बागी नेताओं का बीजेपी कार्यालय में प्रवेश पर लगे पाबंदी
- बागी नेताओं में पूर्व मंत्री, विधायक सहित कई नेताओं के नाम

जिला मुख्यालय में एक बार फिर पर्चा कांड हुआ है, सोमवार की सुबह भाजपा कार्यालय के सामने एक पर्चा चिपका मिलने से शहर में चर्चा का बाजार गर्म हो गया है। हालांकि कुछ देर में पर्चा हटा दिया गया ,लेकिन जब तक पर्चा हटता तब तक शहर के अनेक लोगों की निगाह पर्चे पर पड़ चुकी थी। पार्टी से जुड़े नेताओं का कहना है यह हरकत अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा किया गया होगा।

सोमवार की सुबह- सुबह भाजपा कार्यालय के सामने प्रवेश द्वार पर एक पर्चा चिपका मिला। पर्चे में 2023 के चुनाव में भाजपा के समय गद्दारी करने वाले नेताओं का कार्यालय में प्रवेश वंचित करने की बात लिखी गई थी। पर्चा में जिन नेताओं का प्रवेश वंचित करने की बात लिखी गई थी,उसमें पूर्व मंत्री गणेश राम भगत, पूर्व विधायक राजशरण भगत, पूर्व विधायक प्रत्याशी गोविंद राम भगत, भाजपा नेता गंगा राम भगत और डीडीसी लालदेव राम भगत का नाम शामिल था। जिला भाजपा कार्यालय के प्रवेश द्वार पर चिपके पर्चा पर नजर पड़ते ही हटा दिया गया,लेकिन जब तक पर्चा हटाया जा सका तब तक अनेक लोगों की नजरें पर्चे पर पड़ गई थी। आशंका व्यक्त किया जा रहा देर रात्रि किसी असामाजिक तत्वों ने ये हरकत की है।

## महिलाएं खाद्य प्रसंस्करण क्रांति में बन रहीं अग्रणी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- आत्मनिर्भरता की दिशा में जिले की 42 महिलाओं को समर्पित
- एक पीएमएफएमई सत्र में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में मिला बढ़ावा




आत्मनिर्भर बन रही महिलाएं।

जशपुर की महिलाएं पीएमएफएमई योजना के माध्यम से खाद्य प्रसंस्करण क्रांति में अग्रणी बन रही हैं।आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ते हुए, जशपुर जिले की 42 महिलाओं को समर्पित एक पीएमएफएमई (प्रधानमंत्री औपचारिककरण सूक्ष्म खाद्य उद्यम) सत्र में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में बढ़ावा मिला। यह सत्र जशपुर जिले के एनआरएलएम (राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन) और कुंडली के एनआईएफटीईएम (राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता और प्रबंधन संस्थान) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया था।

सत्र का मुख्य फोकस चावल आधारित उत्पादों की क्षमता को उजागर करना था, जो पीएमएफएमई के तहत जशपुर जिले का ओडीओपी (एक जिला एक उत्पाद) है। एनआरएलएम के जिला मिशन मेनेजर विजय प्रसाद ने आत्मनिर्भर जशपुर को आगे बढ़ाने में महिलाओं को सशक्त बनाने में योजना की भूमिका पर जोर दिया। जशपुर में एनआईएफटीईएम विलेज एडॉप्शन प्रोग्राम (वीएपी) के संरक्षक प्रो. प्रसन्न कुमार जीवी ने पीएमएफएमई योजना, फसल कटाई के बाद प्रसंस्करण और जावापूल सुगंधित चावल के मूल्य वर्धन के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा, एनआईएफटीईएम उत्पाद विकास, विपणन और ब्रांडिंग पर डीआरपी (जिला संसाधन व्यक्ति) के माध्यम से व्यक्तियों, स्वयं सहायता समूहों, एफपीओ और सहकारी समितियों को व्यापक तकनीकी सहायता प्रदान करता है। श्री मनोज गौतम (डीआरपी, जशपुर) और तोमर (सहायक निदेशक, उद्यान, छत्तीसगढ़ सरकार) ने बागवानी फसलों में उत्पादन और मूल्य वर्धन के अवसरों के बारे में बात की, और महिला समूह को ओडीओपी के तहत नई इकाइयाँ शुरू करने या मौजूदा प्रसंस्करण इकाइयों को औपचारिक सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों में अपग्रेड करने के लिए पीएमएफएमई योजना का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया।

महिला समूह वर्तमान में जिन मूल्य वर्धित उत्पादों को तैयार कर रही हैं, उनके संरक्षण, भंडारण, पैकेजिंग, लेबलिंग, विनियमन और विपणन पहलुओं पर एनआईएफटीईएम के छात्रों के साथ सक्रिय रूप से चर्चा में शामिल हुईं। जय जंगल एफपीसी के निदेशक एवं खाद्य उत्पाद प्रसंस्करण सलाहकार समर्थ जैन ने किसानों को खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में उद्यमिता को प्रोत्साहित करने में एनआईएफटीईएम की प्रमुख पहल, वीएपी का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया।

## पूजित अक्षत कलश वितरानवम शोभा यात्रा का सफल आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

अयोध्या से सड़क मार्ग से चलकर रायपुर के रास्ते जशपुर पहुंची कलश का विकास खंड स्तर पर वितरण व शोभा यात्रा का आयोजन विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के संयुक्त तत्वाधान में किया गया।

जशपुर के स्थानीय बालाजी मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का ताता लगाना शुरू हो गया था। दिन के लगभग 12 बजे बालाजी मंदिर में कलश पूजा बालाजी मंदिर के पुजारी पंडित मनोज रमाकांत मिश्र द्वारा मंत्रोचार के साथ लिया गया। बालाजी मंदिर में आस पास के चार विकास खंडों से श्रद्धालुओं और नौजवानो की टोलियां गाजे बाजे के साथ आने लगे। लगभग 1 बजे बालाजी मंदिर से शोभा यात्रा के रूप में चारो विकास खंड से आए लोग सरस्वती शिशु मंदिर के प्रांगण पहुंचे।



### राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा में ग्रामीण आमंत्रित

अयोध्या से जशपुर आई अक्षत कलश आज विकास खंड स्तर पर वितरित किया गया। जिसमे जशपुर, कुनकुरी, मनोरा व सन्ना विकासखंड से आए धर्म प्रेमियों को अक्षत कलश दिया गया है। वहां से विकासखंड के सभी गांवों के सभी परिवारों को इसी अक्षत के साथ अयोध्या राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए अमंत्रित किया जाएगा।

-सर्वेश्वर सिंह, जिला संयोजक

सरस्वती शिशु मंदिर में कार सेवकों का मंचीय सम्मान किया गया। उसके बाद विकास खंड स्तर पर अक्षत कलश का वितरण किया गया।

## जिला स्तरीय सद्भावना शिविर आयोजित




**पत्थलगांव।** शासन के निर्देश पर नागरिक संरक्षण अधिनियम 1955, अनु.जाति एवं अनु. जनजाति (अत्याचार निवारण )अधिनियम 1989 के तहत संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जयंती पर सोमवार को अस्पृश्यता निवारण सद्भावना शिविर का आयोजन विकास खण्ड पत्थलगांव के ग्राम पंचायत कुमेकेला व महादेव टिकरा में किया गया। सद्भावना शिविर में सभी समुदाय से प्रबुद्ध जन एवं सतनामी समाज के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि सम्मिलित हुए । इस मौके पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम ने लोगों का मन मोह लिया।

## प्रसिद्ध रामगढ़ पहाड़ी व सीताबेंगरा गुफा से निकाला गया 100 बोरी कचरा

**बिश्रामपुर।** प्रसिद्द पर्यटन स्थल रामगढ़ड पहाड़ी व सीता बेंगरा गुफा के समीप वन विभाग द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। प्रशिक्षु डीएफओ की पहल पर वन विभाग व वन प्रबंधन समिति द्वारा सफाई की गई। इस दौरान 100 बोरी से अधिक कचरा एकत्र किया गया है। इसके साथ ही भविष्य में भी इस अभियान को जारी रखने की बात कही जा रही है। बता दें कि उदयपुर स्थित रामगढ़ पर्वत व सीता बेंगरा गुफा पर्यटन व दार्शनिय स्थल के रूप में प्रसिद्द है।

यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में सैलानी आते है और प्रातकृतिक सौंदर्य के साथ ही पूजा अर्चना करते है लेकिन इन सब के बीच सैलानियों द्वारा पर्यटन स्थल पर बड़े पैमाने पर गंदगी फैलाई जाती है। गंदगी के कारण पर्यटन स्थल को नुकसान हो रहा है। ऐसे में उदयपुर वन परिक्षेत्र में पदस्थ प्रशिक्षु डीएफओ अक्षय भोसले द्वारा पर्यटन स्थल के सफाई अभियान की पहल की गई। अधिकारी-कर्मचारियों, वन प्रबंधन समिति व आम नागरिकों के सहयोग से सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान रामगढ़ आस पास के जंगल, नाट्य मंचन स्थल, दर्शको के लिए बने सेड, सीता बेंगरा, हथफोड़ गुफा, हनुमान घाट, पगोड़ा स्थल, मेला स्थल घाट, मुर्गी गोडारी से लेकर 650 सीढियां चढ़ाकर पहाड़ पर स्थित राम जानकी मंदिर, सीता कुंड, चंदन माटी गुफा, कुंड, पार्वती गुफा, सिद्ध बाबा गुफा, झगराखांड देव स्थल पर दर्जनों लोगों को साथ लेकर 100 बोरा से अधिक प्लास्टिक, पानी के बाटल , कांच के बोतल तथा विभिन्न प्रकार के कचरा जमा किया गया।






## अटल चौक का किया जा रहा रंग रोगन

**पत्थलगांव ।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत जिले के समस्त अटल चौक का साफ सफाई एवं रंग रोगन किया जा रहा है। इससे आने वाले दिनों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन स्वच्छता के साथ किया जा सकेगा। पत्थलगांव जनपद पंचायत में स्वच्छता संबंधी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसके तहत गली, मोहल्लों, तालाब, सार्वजनिक स्थल का ग्रामीणों के द्वारा श्रमदान के माध्यम -सफाई व सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। इस अभियान के तहत ग्राम पंचायत के चौक चौराहा में बने के अटल चौक के परिसर का साफ-सफाई के साथ रंग-रोग किया जा रहा है।

## किसानों का शत प्रतिशत किसान क्रेडिट कार्ड बनाने के निर्देश दिए

# कलेक्टर ने कृषि व सहकारिता विभाग एवं बैंकर्स की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर

कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ अधिक से अधिक किसानों को मिले इसके संबंध में आज कृषि विभाग, सहकारिता विभाग, बैंकर्स की बैठक ली। बैठक में जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा उपस्थित थे।

कलेक्टर ने केसीसी कार्ड बनाने के लिए किसानों से लगने वाले दस्तावेजों की जानकारी ली। संबंधित बैंकर्स ने बताया कि किसानों का चार फोटो, आधार कार्ड अथवा पैन कार्ड, बीवन, पीटू या ऋण पुस्तिका का छाया प्रति, एवं नॉमिनी का आधार कार्ड का दस्तावेज लगेंगे। कलेक्टर ने व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि विभाग को निर्देशित किया कि किसान क्रेडिट कार्ड के लिए जो किसान वंचित है, उन्हें चिन्हांकित कर वांछित दस्तावेज प्राप्त करने तथा अभियान चलाकर केसीसी शत प्रतिशत किसानों का बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने केसीसी बनाने के लिए कार्य योजना बनाने कहा तथा कनिष्ठ कृषि विकास अधिकारी को 50 केसीसी का लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिए। विकासखंडवार केसीसी के प्रगति एवं उपलब्धि गूगल शीट में एंट्री करने के निर्देश दिए। बैठक में उपसंचालक कृषि, लीड बैंक मैनेजर, अपेक्स बैंक नोडल अधिकारी, सहायक पंजीयक सहकारिता, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी एवं अन्य बैंकर्स उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने किया चरईडॉड़ दमेरा रोड का निरीक्षण

कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने चरईडॉड़ दमेरा रोड का निरीक्षण किया। उन्होंने चरईडॉड़ दमेरा रोड निर्माण कार्य के स्थिति की जानकारी ली। पीडब्ल्यूडी कार्यपालन अभियंता वीरेंद्र चौधरी ने बताया कि चराईडांड़ दमेरा रोड निर्माण कार्य का निविदा प्राप्त किया जा चुका है। टेक्निकल बीड खोली जा चुकी है। पीक्यू का वेरिफिकेशन हो चुका है। निरीक्षण के दौरान पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन अभियंता, उप अभियंता सहित अन्य उपस्थित थे। कार्यपालन अभियंता ने बताया कि शीघ्र ही फाइनेंशियल बीड खोली जाएगी और एक माह में कार्यादेश जारी करके कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। कलेक्टर ने कार्यपालन अभियंता को निर्देशित किया कि निविदा प्रक्रिया पूरी कर कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। चरईडॉड़ दमेरा रोड बन जाने से जशपुर कुनकुरी आने जाने वाले लोगों के समय की बचत होगी।

## भारतमाला परियोजना : सर्वे के बाद मिलेगा उचित मुआवजा



**जशपुरनगर।** पत्थलगांव अनुविभाग अंतर्गत भारतमाला परियोजना हेतु ग्राम के किसानों की सुविधा एवं मांग के अनुसार सर्वे दल गठन कर फील्ड सर्वे का किया जा रहा है। अनुविभागीय अधिकारी आकांक्षा त्रिपाठी के निर्देश पर दो आरआई मिखैल एक्का और तारा चंद राठौर, पांच पटवारी एवं भारतमाला के फील्ड सर्वे टीम ग्रामीणों की उपस्थिति में प्रस्तावित नक्शे के अनुरूप सर्वे कार्य कर रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में ग्राम बुढाडांड के ग्रामीणों को समझाइस दी गई, कि उन्हें शासन के निर्देशानुसार उचित मुआवजा मिलेगा एवं सड़क निर्माण होने से उनके गांव का विकास होगा सभी ग्रामीणों ने प्रशासन का सहयोग करने की बात की।

haribhoomi.com 2 छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

हरिभूमि सहेली

मंगलवार 19 दिसंबर 2023

क्रिसमस स्पेशल



आज समाज में प्रेम-करुणा के भाव लुप्त हो रहे हैं। बंधुत्व घटता जा रहा है। ऐसे में हमारे आस-पास रीतापन आएगा ही। खुशियां खो जाएंगी, हम उदासी से घिर जाएंगे। लोग अपने को अकेला, निस्सहाय समझेंगे। ऐसे में प्रभु यीशु के जन्मदिन के रूप में मनाया जाने वाला क्रिसमस का पर्व ना सिर्फ हमें नई आशाओं और उमंगों से भरता है, उनके प्रेम-सद्भाव के संदेश हमें मानवता की राह पर आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देते हैं।

# क्रिसमस प्रेम-सद्भाव के जुड़ाव का पर्व

कवर स्टोरी
डॉ. मोनिका शर्मा

खुशी और आपसी स्नेह से भरे क्रिसमस के त्योहार का इंतजार सभी को रहता है। विदा होते साल में अपनों के साथ स्नेह-प्रेम और प्रकाश के साथ मनाया जाने वाला यह पर्व पूरे समाज को इंसानी भाव और जुड़ाव से जगमग करने का संदेश साथ लेकर आता है। अपनों का साथ इस सेलिब्रेशन को और अहम बना देता है। बंधुत्व और प्रेम-सद्भाव की भावनाओं को पोषित करने वाले प्रभु यीशु को समर्पित प्रार्थना के स्वर हर ओर गूंजते हैं।



## संवेदनाओं की सीख

पारिवारिक जीवन हो, हमारा परिवेश या सार्वजनिक स्थलों पर हमारी साझी मौजूदगी हो या फिर काम-काजी दुनिया, करुणा और संवेदना के भाव आज कहीं गुम हो गए हैं। सूखते इमोशंस और रूखा बर्ताव, जिंदगी की कड़वी हकीकत बन गया है। ऐसे में दया-करुणा और प्रेम की सकारात्मकता के लिए प्रभु यीशु के संदेश, संवेदनाओं को पोसते हैं। करुणा और दया के भाव इंसान को सेवाभावी बनाकर दूसरों की पीड़ा समझने की संवेदनाएं जगाते हैं। भविष्य के प्रति सकारात्मकता और वर्तमान को लेकर आभार का भाव मन में भरते हैं। प्रभु यीशु ने कहा है, 'भला उस आदमी का क्या लाभ, यदि वह पूरी दुनिया पा जाए और अपनी आत्मा को खो दे।' आज हर ओर सब कुछ पा लेने की भागम-भाग में संवेदनाएं खत्म हो गई हैं। ना तो एक दूजे का दुःख महसूस किया जाता है, ना ही किसी के टूटने-बिखरने की मनःस्थिति समझी जाती है। ऐसे में क्रिसमस के उत्सवीय रंग एक-दूसरे को समझने, शांति और प्रेम के साथ रहने के विचार को बल देते हैं। यीशु ने भी यही कहा, 'ईश्वर अपने सभी बच्चों से बेहद प्यार करता है। हमें सभी के साथ प्रेम-सम्मान का रिश्ता बनाना चाहिए।' घर के आंगन से लेकर गिरिजाघरों की जगमगाती सजावट के बीच क्रिसमस का उत्सव, प्रेम-सम्मान की ऐसी ही सकारात्मक उमंगों का संचार करता है।

## आशाओं में विश्वास

केक, केरोल्स और कैंडीज के साथ मनाया जाने वाला यह उत्सव, उम्मीदों को भी आधार देता है। बहुत से देशों में क्रिसमस के आस-पास छुट्टियां शुरू हो जाती हैं। छुट्टियों के इन दिनों में बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी सेलिब्रेशन के मूड में आ जाते हैं। इससे हंसी-खुशी के परिवेश में साथ रहते हुए, दूसरों की मदद करने और भाईचारे को बनाए रखने की सीख मिलती है। परोपकार की सीख देने वाला यह पर्व आशाओं को मन में जगह देने और पूरा होने के निश्छल विश्वास की भी सीख देता है। सैंटा के आने और उपहार दे जाने में बच्चे ही नहीं, बड़े भी एक विश्वास का भाव महसूस करते हैं। देवदूत के काल्पनिक अवतार के रूप में उपहार लेकर सैंटा क्लॉज का आना, फेस्टिव उमंगों का सबसे सुंदर हिस्सा है।

सवालों से परे भरोसे को पोसता यह मानवीय आस्था का बहुत ही प्यारा भाव है, जो असल जिंदगी में भी बेहतरी की उम्मीदों को बल देता है। स्वयं को हर हाल में थाम लेने की शक्ति देता है। स्वयं अपने जीवन और समाज में सुख, शांति और समृद्धि के लिए विश्वास का यह भाव बेहद आवश्यक है। यीशु का यह सुंदर संदेश सदैव स्मरणीय है, 'जीवन को बहुमूल्य समझो और स्वयं पर विश्वास करो।'



## यूनिवर्सल सेलिब्रेशन

**क्रिसमस का** त्योहार एकता, खुशी और आशा के यूनिवर्सल मनोभाव पैदा करता है। मान्यता है कि इस दिन मदर मैरी के घर ईसा मसीह का जन्म हुआ था। प्रभु यीशु ने कम आयु में ही मानवता, आपसी मेल-मिलाप और सामाजिक सौहार्द को बनाए रखने के लिए समग्र संसार को प्रेरणा दी। मानवीय मूल्यों को बचाने वाले ईसा मसीह के संदेशों में दयालुता, क्षमा, दूसरों का भला करने की सोच और सभी का सम्मान करने का भाव शामिल है। आज जब पूरी दुनिया में अस्थिरता छाई है, उनकी बातों का अनुसरण शांति और सद्भाव की राह सुझाने वाला है। एक-दूजे से उलझते पड़ोसी देश हों या समाज में फैलती नकारात्मकता, प्रभु यीशु का यह विचार, 'जैसा व्यवहार तुम लोगों से चाहते हो, वैसा व्यवहार उनसे करो।' सभी उलझनों का हल है। ऐसे में क्रिसमस यानी प्रभु यीशु का जन्मदिन, दुनिया के हर इंसान को सत्य, निष्ठा, करुणा और सह-अस्तित्व की राह पर चलने की प्रेरणा देने वाला एक विशेष दिन है।

एक्सप्रेशंस/ प्रस्तुति : रेणु खंतवाल

# आइए फैलाएं हम प्रभु यीशु का संदेश

समाज-परिवार में प्रभु यीशु के प्रेम-करुणा के संदेश को फैलाने में महिलाएं कैसे एक अच्छी और अहम भूमिका निभा सकती हैं। बता रही हैं अपने-अपने क्षेत्र की कुछ नामचीन हस्तियां।

### शोवना नारायण, कथक नृत्यांगना



**महिलाएं ही** सामाजिक, सांस्कृतिक और पारिवारिक मूल्यों को सहेज कर रखती हैं। वे बच्चों को अपनी संस्कृति और परंपराओं से परिचित कराती हैं। क्रिसमस का पर्व समाज में सभी के प्रति प्रेम, करुणा का भाव जगाता है। मेरे पति रोमन कैथलिक हैं, वे आस्ट्रिया में रहते हैं। मैं ज्यादातर पति और बेटे के साथ क्रिसमस मनाने वियना चली जाती हूं। क्रिसमस पर क्रिसमस ट्री घर में पहले ही आ जाता है। उसे लाइट से सजाया जाता है, ताकि हमारे भीतर जो अंधेरा है, वह दूर हो, हमारा जीवन प्रकाशवान हो। क्रिसमस पर जीसस क्राइस्ट के संदेशों को पढ़ा जाता है। इसके बाद क्रिसमस कैरल्स गाते हैं, इसके बाद मीठा खाया जाता है। लोग आधी रात को, जिस समय यीशु का जन्म हुआ था, चर्च जाकर प्रार्थना करते हैं। रात को ही या 25 दिसंबर की सुबह को बच्चों को गिफ्ट दिए जाते हैं। मैं भी बहुत उत्साह-उमंग से क्रिसमस मनाती हूं।

### हिमानी शिवपुरी, अभिनेत्री



**हर धर्म** प्रेम और मानवता का संदेश देता है। इस नजर से देखें तो अपने संस्कारों और मूल्यों से स्त्री, समाज में प्रेम, करुणा और मानवता का संचार करती है। लगभग हर इंसान चाहता है कि वह कुछ ऐसा करे कि दूसरों को खुशी मिले। चाहे वह उसके परिवार के लोग हों, रिश्तेदार हों या आस-पास में रहने वाले लोग हों। हम कलाकार व्यस्तता के कारण ज्यादातर अपना त्योहार सेट पर ही मना लेते हैं। मेरी मेड असम से है, वह ईसाई है। इसलिए मैं उसे क्रिसमस पर जरूर कुछ ना कुछ गिफ्ट देती हूं। जरूरतमंद लोगों की मदद करने के लिए मैं हमेशा तैयार रहती हूं, जैसे फुटपाथ पर जो बच्चे रहते हैं, उन्हें कभी कुछ बांट दिया, बुजुर्गों को कुछ दे दिया। ऐसा करने से इन लोगों के चेहरे पर एक अनोखी खुशी दिखती है। बेशक मेरी यह मदद बहुत छोटी ही क्यों ना हो, लेकिन इस तरह आप किसी के जीवन में सेंटा क्लॉज बनकर उसे छोटी-छोटी खुशियां तो दे ही सकते हैं।

### शुद्धी रमनी, गायिका



**मेरे लिए** क्रिसमस का मतलब है, पूरा परिवार साथ बैठकर खाना खाए, खुशियां मनाए। हम दोस्तों को भी घर बुला लेते हैं। आपस में त्योहार की खुशियां बांटते हैं। एक-दूसरे को गिफ्ट देते हैं। मैं क्रिसमस पर घर में एक बड़ा सा क्रिसमस ट्री जरूर लेकर आती हूं, इसे हम सजाते हैं। मैं क्रिसमस को बहुत अच्छे से सेलिब्रेट करती हूं। 24 दिसंबर की रात को मैं अपनी फैमिली और फ्रेंड्स के लिए लेटर्स भी लिखती हूं। रात को सबके सिरहाने पर वह लेटर रख देती हूं। रात को ही क्रिसमस ट्री के नीचे सभी घरवालों के लिए गिफ्ट भी रख देती हूं। इसके बाद क्रिसमस के अगले दिन मेरा जन्मदिन होता है तो उस दिन मुझे परिवार और दोस्तों से प्यारे-प्यारे गिफ्ट मिलते हैं। सही मायने में त्योहारों की रौनक महिलाओं से होती है। वे ही इस तरह के सेलिब्रेशंस के माध्यम से पूरे परिवार, रिश्तेदारों, दोस्तों और आस-पड़ोस के लोगों को जोड़कर रखती हैं। देखा जाए तो प्रभु यीशु के प्रेम और करुणा के संदेश को समाज में फैलाने का काम सही मायने में महिलाएं ही करती हैं।

### रिन्नी जॉय, अधिवक्ता-सामाजिक कार्यकर्ता



**प्रभु यीशु** ने हमें सबसे बड़ा जो संदेश दिया, वो है सबसे प्रेम करो। महिलाएं सबको प्यार से जोड़कर रखती हैं। निरंतर परिवार-समाज से जुड़ी रहती हैं। वे वर्किंग होते हुए ऑफिस और घर को मैनेज करने के साथ-साथ आस-पड़ोस और रिश्तेदारी में भी प्रेम का रिश्ता बनाकर रखती हैं। महिलाएं यह काम बखूबी करती हैं। रही बात क्रिसमस सेलिब्रेशन की तो क्रिसमस पर हम केक जरूर बनाते हैं। इसे उन लोगों के बीच जरूर बांटते हैं, जो हमारे घर में काम करते हैं, जैसे-मेड, ड्राइवर, गेटकीपर और स्वीपर। चूंकि क्रिसमस सर्दियों में आता है तो हम गरीबों को कंबल बांटते हैं, उन्हें खाना भी खिलाते हैं।

क्रिसमस वाले दिन हम परिवार के साथ लंच और डिनर करते हैं। इस दौरान दोस्तों और रिश्तेदारों से भी मिलते हैं, उन्हें गिफ्ट देते हैं। फैमिली मेंबर्स और बच्चों को जो गिफ्ट दिया जाता है, उसे हम 24 की रात को क्रिसमस ट्री के नीचे रख देते हैं। क्रिसमस सेलिब्रेशन 24 दिसंबर की शाम से शुरू हो जाता है, जो 25 तक चलता है। वैसे क्रिसमस की रौनक नए साल के आने तक बनी रहती है। सभी को मैरी क्रिसमस...




एडवाइस / विनीता

# मदद के लिए हमेशा बढ़ाएं हाथ



करुणा, दया और परोपकार जैसी मानवीय भावनाएं सहज रूप से सभी के दिलों में होती हैं, लेकिन कई बार जीवन की आपा-धापी में हम अपने आस-पास रहने वाले उन जरूरतमंद लोगों को भूल जाते हैं, जिन्हें हमारी मदद की जरूरत होती है। ऐसा नहीं होना चाहिए, हमें जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए, हमें अपना यह मानव धर्म नहीं भूलना चाहिए। हम छोटे-छोटे प्रयासों से बहुत सहजता से दूसरों की मदद कर सकते हैं।

**उदास चेहरे पर लाएं मुस्कान:** दूसरों की मदद के लिए, दान देने के लिए यह जरूरी नहीं है कि हमारे पास करोड़ों की संपत्ति हो, हम हमेशा बहुत बड़ी धनराशि ही दान करें। अगर हमारे पास ज्यादा धन नहीं है, हम सीमित साधन वाले हैं तो भी अपने एक मामूली प्रयास से भी किसी उदास चेहरे पर मुस्कान ला सकते हैं। जैसे अगर हमारी घरेलू सेविका या आस-पास रहने वाला कोई असहाय, निर्धन व्यक्ति बीमार हो तो उसके लिए उपचार और दवा का प्रबंध करवा दें। ऐसा करके उसे ही नहीं, हमें भी अनमोल खुशी मिलेगी।

**सहयोग के लिए रहें तत्पर :** दान का मतलब केवल पैसे देने तक सीमित नहीं होता, हम निजी स्तर पर लोगों की मदद करके भी उनका जीवन संवार सकते हैं। जैसे, अगर हमारे आस-पास कुछ ऐसे बच्चे रहते हैं, जिन्हें पढ़ाई में हमारे सहयोग की जरूरत हो तो प्रतिदिन उनके लिए कुछ समय निकालें, उन्हें पढ़ाएं। हमारे इस छोटे से प्रयास से कई बच्चों की जिंदगी संवर सकती है।

**दिखाएं सही रास्ता:** कई बार वंचित वर्ग के लोग सही मार्गदर्शन के अभाव में कुछ सुविधाओं का लाभ नहीं उठा पाते। ऐसे लोगों की हम मदद कर सकते हैं। कुछ लोगों को यह मालूम नहीं होता कि बैंक में खाता कैसे खुलवाते हैं, मुफ्त उपचार की सुविधा किस सरकारी अस्पताल में है, आधार कार्ड, राशन कार्ड कैसे बनवाएं, ऐसे जरूरतमंदों की हम मदद कर सकते हैं। यह मदद उनके लिए बहुत बड़ी मदद होगी।

**क्रिसमस पर हम लें यह संकल्प:** जब हम जरूरतमंदों की मदद को अपने जीवन का हिस्सा बना लेंगे तो इससे हमारे मन को बहुत सुकून मिलेगा। क्रिसमस का त्योहार भी हमें यही संदेश देता है कि हम सबसे प्रेम करें, अपनी खुशियों में हम दूसरों को भी शामिल करें, जहां मदद की जरूरत है, मदद करें। आइए, इस क्रिसमस पर यह संकल्प लें कि हम दूसरों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।



अप्रतिनिधित्व क्षेत्रों में डीलरशिप एवं ASM या SR हेतु संपर्क करें
Mobile: 92851 63700, Email: gdc.indore@gmail.com

क्रिसमस पार्टी अटेंड करने के लिए बाकी तैयारियों के साथ अपने लुक पर ध्यान देना ना भूलें। पार्टी में कैसी ड्रेस आप कैरी करेंगी, इसका डिसीजन जल्द कर लें। आपकी हेल्प के लिए हम आपको पार्टी के लिए सुटेबल कुछ रेड ड्रेसेस ऑप्शंस के बारे में बता रहे हैं। इनमें से अपनी पसंद की कोई भी ड्रेस सेलेक्ट कर सकती हैं।

# पार्टी में बिखेरें रेड ड्रेसेस का मैजिक

ड्रेसअप

ममता आनंद, फैशन डिजाइनर





आने वाली क्रिसमस पर आपने घर पर पार्टी ऑर्गनाइज की हो या किसी फ्रेंड के घर पार्टी अटेंड करनी हो, उसमें जरूर चाहेंगी कि आप सबसे डिफरेंट नजर आएं। ऐसे में अपने लिए ड्रेस सेलेक्ट करते समय रेड कलर का खासतौर पर ध्यान रखें, तभी आपका लुक क्रिसमस पार्टी के लिए परफेक्ट नजर आएगा। दरअसल, क्रिसमस पार्टी में रेड कलर को ही इंपॉर्टेंस दी जाती है इसलिए हम आपको कुछ रेड आउटफिट्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आप आगामी क्रिसमस पार्टी में ट्राई कर सकती हैं।

## लॉन्ग रेड गाउन

गाउन तो पार्टीज के लिए एवरग्रीन ड्रेस मानी जाती है। विंटर पार्टीज में तो गाउन को काफी पसंद किया जाता है और ये कंफर्टेबल भी होती हैं। ठंड से बचाव के लिए आप फुल स्लीव्स गाउन को वियर करें तो अच्छा रहेगा। गाउन में अगर आप रेड कलर का सेलेक्शन करेंगी तो सचमुच बहुत प्यारी लगेंगी। वैसे आप चाहें तो रेड गाउन की बजाय कोई भी दूसरा कलर चूज कर सकती हैं। आप उस गाउन के ऊपर रेड स्कार्फ पहनकर क्रिसमस पार्टी लुक पा सकती हैं। इसमें आपका लुक काफी स्टाइलिश नजर आएगा। आप चाहें तो वार्म लुक वाले वेलवेट फैब्रिक के गाउन भी कैरी कर सकती हैं, ये बहुत स्टाइलिश नजर आते हैं।

## रेड शिमरी पोंचू या स्वेटर

क्रिसमस पार्टी के लिए आप अपर ड्रेस के तौर पर रेड कलर के पोंचू को शामिल कर सकती हैं। सर्दियों में पोंचू काफी अट्रैक्टिव लगता है। यह आपको सर्दी से तो बचाता है, साथ ही एक स्टाइलिश लुक भी देता है। इसे आप वन पीस या फिर जींस, या किसी लोअर वियर के साथ टीमअप कर सकती हैं। आप चाहें तो पोंचू के बजाय रेड स्वेटर भी पहन सकती हैं। स्वेटर्स में आपको मार्केट में काफी वैरायटीज मिल जाएंगी। शिमरी स्वेटर आपको स्पेशल लुक देगा और आप इसमें बहुत अट्रैक्टिव नजर आएंगी।





## कोड-सेट

अगर आप इस पार्टी में ट्रेंडिंग लुक में दिखना चाहती हैं तो कोड-सेट ड्रेस ट्राई कर सकती हैं। इन दिनों कोड-सेट ड्रेस काफी ट्रेंड में हैं। यह आपको ट्रेंडी के साथ स्टाइलिश लुक भी देगा। क्रिसमस पार्टी के लिए यह एक बेहतर ऑप्शन है। इनमें आपको कलर और फैब्रिक में काफी वैरायटी मिल जाएंगी। आप अपनी पसंद के अनुसार वेलवेट या फिर वूलेन फैब्रिक में कोड-सेट पहन सकती हैं। अगर आपको डिजाइनर कोड सेट पहनना है तो एंब्रॉयडरी वाले कोड सेट भी कैरी कर सकती हैं। जो बेहद खूबसूरत नजर आते हैं। इन्हें पहनकर आप पार्टी में सबसे अलग दिखेंगी।

## लॉन्ग कुर्ती

क्रिसमस पार्टी में अगर आपका मन कुछ ट्रेडिशनल पहनने का है तो आप लॉन्ग कुर्ती ट्राई कर सकती हैं। इनमें आप शिमरी लुक या फिर एंब्रॉयडरी वाली वूलेन कुर्ती भी वियर कर सकती हैं। लॉन्ग कुर्ती के साथ आप गर्म पाजामी या जींस भी पहन सकती हैं। इससे आपका लुक बेहतरीन नजर आएगा। इनमें भी आपको बहुत सारी वैरायटीज मिल जाएंगी। कुर्ती को और भी स्टाइलिश बनाने के लिए आप इस पर रेड कलर स्टॉल ले सकती हैं। इससे आपको प्रॉपर क्रिसमस पार्टी लुक मिल जाएगा। स्टॉल के लिए आप फेदर फैब्रिक ट्राई कर सकती हैं।

प्रस्तुति : निधि

मेकअप

साधना शर्मा, ब्यूटीशियन

क्रिसमस पार्टी में आप सबसे डिफरेंट और अट्रैक्टिव नजर आएं, इसके लिए अच्छी ड्रेसअप के साथ परफेक्ट मेकअप और ज्वेलरी भी जरूरी है। परफेक्ट पार्टी लुक पाने के लिए प्रॉपर मेकअप स्टेप्स और ज्वेलरी आइडियाज के बारे में हम दे रहे हैं यूजफुल टिप्स।



# फॉलो करें प्रॉपर स्टेप्स पाएं परफेक्ट पार्टी लुक

इन दिनों क्रिसमस की तैयारियां जोरों पर हैं। घर को डेकोरेट करने के साथ पार्टी प्रिपरेशन और गिफ्ट की खरीदारी में आप जुटी होंगी। इस ऑकेजन के लिए स्पेशल ड्रेसअप के साथ ही क्रिसमस पार्टी मेकअप लुक भी कुछ डिफरेंट होना चाहिए। अगर आप यहां बताए जा रहे मेकअप टिप्स को स्टेप बाई स्टेप फॉलो करें तो क्रिसमस स्पेशल मेकअप लुक पा सकती हैं।



**मसाज करें:** मेकअप शुरू करने से पहले अपने फेस की मॉयश्चराइजर से अच्छे से मसाज कर लें। मसाज करने से चेहरे पर ब्लड सर्कुलेशन अच्छी तरह से होने लगता है। करीब 5 से 7 मिनट तक मसाज करने के बाद चेहरे को साफ कर लें।

**अप्लाई करें फाउंडेशन :** फेस की मसाज करने के बाद फाउंडेशन अप्लाई करें। अगर मेकअप करने के बाद आपकी स्किन ड्राय नजर आती है, तो इसके लिए फाउंडेशन में फेस ऑयल मिक्स कर सकती हैं। इससे मेकअप ड्राय नहीं होगा और कोई अलग से पैचेस भी नजर नहीं आएंगे। आप फाउंडेशन लगाते समय उसमें दो या तीन बूंद फेस ऑयल की जरूर मिक्स कर लें। कई महिलाएं मेकअप में पावडर फाउंडेशन का इस्तेमाल करती हैं। लेकिन सर्दियों में पावडर की बजाय लिक्विड और क्रीमी टेक्सचर वाले क्रीम और फाउंडेशन बेस्ट ऑप्शन हैं।

**ब्लशर-आई मेकअप :** चूंकि आप क्रिसमस पार्टी के लिए मेकअप कर रही हैं तो आप ब्लशर में रेड कलर का इस्तेमाल करें, लेकिन बहुत ज्यादा नहीं। ब्लशर को इस तरह अप्लाई करें कि वो नेचुरल लुक दे। इसके बाद आई मेकअप के लिए ग्लॉसी लुक वाला आईशैडो यूज करें, इससे आपके चेहरे पर चमक नजर आएगी।

**हाईलाइटर से करें टचिंग:** कुछ महिलाएं पार्टी में जाने के लिए हैवी मेकअप को सही मानती हैं जबकि एक्सपर्ट्स के अनुसार, मेकअप में बहुत ज्यादा प्रोडक्ट्स यूज ना करें यानी बहुत हैवी मेकअप से बचना चाहिए। सर्दियों में हैवी के बजाय नेचुरल मेकअप लुक ज्यादा सुंदर नजर आता है। आप मेकअप करने के बाद हाईलाइटर का इस्तेमाल करें। हाईलाइटर आपके मेकअप को ग्लोइंग टच देता है।

**लिपस्टिक :** क्रिसमस पार्टी को ध्यान में रखते हुए आप अपने लिप्स पर ग्लॉसी या फिर रेड लिपस्टिक अप्लाई कर सकती हैं। यह आपके ओवर ऑल मेकअप को कंप्लीट करेगा।

प्रस्तुति : मानसी

## पार्टी के लिए ज्वेलरी हो ऐसी



क्रिसमस पार्टी में आप सिर्फ लाइट और सिंपल ज्वलेरी ही कैरी करें। अगर आप वेस्टर्न ड्रेस वियर कर रही हैं तो उन पर सिंपल-सोबर ज्वेलरी ही अच्छी लगती हैं। यहां हम आपको बता रहे हैं कि किस तरह की ज्वेलरी आप वेस्टर्न ड्रेस पर पहन सकती हैं।

- पर्ल्स को अपने ज्वेलरी बॉक्स में शामिल करें, क्योंकि वेस्टर्न ड्रेसेस के साथ सिंगल पर्ल वाली ज्वेलरी बहुत खूबसूरत नजर आती है। आप कानों में एक पर्ल वाले ईयर रिंग्स पहन सकती हैं।
- इस ऑकेजन पर पतली गोल्ड या सिल्वर लुक चेन, स्वेटर, जैकेट या वनपीस पर अट्रैक्टिव नजर आती है।
- क्रिसमस पार्टी के लिए आप स्टोन ज्वेलरी भी पहन सकती हैं। इन दिनों मार्केट में स्टोन ज्वेलरी काफी ट्रेंड में हैं। ये आपको डिफरेंट कलर्स में मिल जाएंगी, लेकिन ज्वेलरी लाइट वेटेड होनी चाहिए।
- आप एक हाथ में घड़ी और दूसरे हाथ में ब्रेसलेट कैरी कर सकती हैं। अगर आपको रिंग्स पहनने का शॉक है तो डिफरेंट टाइप की रिंग्स पहन सकती हैं।

सलाह सहेली की / वंदना जोशी

# सर्दियों में दिखाइए यह गर्मजोशी!

मिसेज डिसूजा के यहां क्रिसमस सेलिब्रेशन की तैयारी को लेकर एक मीटिंग रखी गई। इस सेलिब्रेशन में क्रिश्चियन कम्युनिटी के लोग ही नहीं, दूसरे धर्म के लोग भी बड़े उत्साह से शरीक हुए। थोड़ी देर बाद जब मिसेज डिसूजा की मेड सबके लिए नाश्ते की ट्रे लेकर आई तो मिसेज डेविड ने उससे पूछा, 'क्यों सुनीता कैसी हो?'

'जी भाभी जी, मैं ठीक हूं।' सुनीता टेबल पर ट्रे रखते हुए बोली।

'अच्छा सुनो, इतवार को सुबह घर आ जाना। तुम्हारे लिए और बच्चों के लिए भी गर्म कपड़े निकाले हैं, ले जाना।' मिसेज डेविड बोलीं। 'जी भाभी जी।' कहकर सुनीता ट्रे रखकर घर के अंदर चली गई। सुनीता के जाते ही मिसेज लालवानी तुनक कर बोलीं, 'यह क्या बात हुई मिसेज डेविड? नौकरानी आपको भाभी कह कर बुला रही है और आप कुछ कह नहीं रही हैं।' 'इसमें कहने वाली क्या बात है? वह मिस्टर डेविड को भाई साहब और मुझे भी मैडम कहती थी। मुझे यह मैडम-वैडम कुछ भाता नहीं है। इसीलिए मैंने ही उसे भाभी कहने को कहा। हमारे बच्चे भी उसे आंटी कहकर बुलाते हैं। इसमें बुरा क्या है?'



मिसेज डेविड सहज भाव से बोलीं। दोनों के वार्तालाप के बीच में मिसेज डिसूजा बोलीं, 'सुनीता बहुत अच्छी लेडी है। अपना घर समझ कर सारा काम करती है। कोई भी सामान इधर का उधर नहीं करती। उसके रहते हमें कोई परेशानी नहीं होती। बच्चे भी उसके साथ सहज रहते हैं।'

सबकी बातें सुनकर मिसेज डिसूजा की सास भी बोलीं, 'मेरा मानना है, सारे इंसान एक समान हैं। ईश्वर ने हमें थोड़ा संपन्न बनाया है और इन्हें जरूरतमंद। ये हमारे घर का काम आसान करते हैं, बदले में हम इन्हें वेतन देते हैं। हमारे घर के पुरुष भी तो कहीं ना कहीं नौकरी ही करते हैं ना! वह थोड़े ज्यादा पढ़े-लिखे हैं, इसलिए उन्हें ज्यादा पैसा मिलता है। आज जमाना बदल गया है। घर के पुरुष ही नहीं, महिलाएं भी काम करती हैं।' 'आप ठीक कहती हैं मम्मी जी।' मिसेज डिसूजा ने अपनी सास को चाय का प्याला देते हुए अपनी सहमति दी।

इस प्रकरण ने मीटिंग में हो रही बातचीत का विषय ही बदल दिया। कुछ देर पहले क्रिसमस सेलिब्रेशन की तैयारी को लेकर चल रही बातें घरेलू नौकरों के प्रति व्यवहार पर केंद्रित हो गईं। मिसेज डिसूजा सहृदय स्वभाव की हैं। उन्होंने सबको समझाया, 'देखो सर्दियों का मौसम आया है। हमें इन सर्दियों में थोड़ी गर्मजोशी दिखानी चाहिए। इनकी मदद करनी चाहिए।' 'वह कैसे?' मिसेज गुप्ता ने पूछा।

'हम अपने घर में काम करने वाले लोगों को गरम कपड़े दे सकते हैं। खाना बनाने वाली अम्मा जी को हम गर्मागर्म खाना खिला सकते हैं। सर्दियों में सुबह जो सफाईकर्मी हमारे लॉन आदि की सफाई करते हैं, उन्हें हम गर्म चाय पिला सकते हैं। बर्तन साफ करने वाली को बर्तन धोने के लिए गर्म पानी दे सकते हैं। हमें हर किसी के प्रति दिल में प्रेम-करुणा का भाव रखना चाहिए। प्रभु यीशु भी तो यही कहते थे।' मिसेज डिसूजा ने समझाया।

'आप ठीक कहती हैं। हम ऐसा ही करेंगें, लेकिन आप भी जरा गर्मजोशी दिखाइए, क्योंकि चाय-नाश्ता ठंडा हो रहा है।' मिसेज सक्सेना हंसते हुए बोलीं और सभी गर्मा-गर्म नाश्ते का आनंद लेने लगे। मन ही मन सभी इस बात से सहमत थे, जरूरतमंदों के प्रति दिल में प्रेम-करुणा के भाव होने चाहिए।

सेलिब्रेशन / निधि गोयल

अगर आने वाली क्रिसमस पर आप घर में ही पार्टी ऑर्गनाइज करना चाहती हैं तो इसकी तैयारी आज से ही शुरू कर दें। इसमें तैयारियों से जुड़ी हर छोटी-छोटी बात का अगर आप ध्यान रखेंगी तो सभी गेस्ट्स शानदार पार्टी एंज्वॉय करेंगे। इस बारे में हम दे रहे हैं कुछ यूजफुल सजेशंस।

# जब घर पर करनी हो क्रिसमस पार्टी



दिसंबर का महीना शुरू होते ही बच्चे ही नहीं बड़ी उम्र के लोग भी क्रिसमस का बेसब्री से इंतजार करने लगते हैं। इसे लेकर कई तरह की तैयारियों में सब जुट जाते हैं। आप भी घर में क्रिसमस पार्टी को ऑर्गनाइज करके इस दिन को बहुत स्पेशल बना सकती हैं। लेकिन अगर पहले से ही पार्टी की प्लानिंग नहीं करेंगी, तो शानदार पार्टी ऑर्गनाइज नहीं कर पाएंगी। आपको यहां हम बता रहे है कि किस तरह आप घर पर क्रिसमस पार्टी ऑर्गनाइज कर सकती हैं।

**रूम डेकोरेशन :** क्रिसमस पार्टी जिस रूम या हॉल में आप ऑर्गनाइज करना चाहती हैं, उसे अच्छी तरह से डेकोरेट करना बहुत जरूरी है। इसके लिए आप वॉल हैंगिंग खरीदकर ला सकती हैं या अगर टाइम हो तो खुद भी क्रिएट कर सकती हैं। लेकिन ध्यान रखें कि पार्टी थीम क्रिसमस है, तो उसके हिसाब से ही आपको सभी चीजों का सेलेक्शन करना होगा। अगर आपका बजट कम है तो आप गुब्बारों से भी घर को सजा सकती हैं। आप रेड, व्हाइट या गोल्डन कलर के बैलूंस से रूम को सजा सकती हैं। घर की एंट्री पर ऐसे बैलूंस और वॉल हैंगिंग्स जरूर सजाएं, ताकि आपका घर बाहर से और खूबसूरत दिखे।

**क्रिसमस ट्री-सेंटाक्लॉज :** क्रिसमस पार्टी का बहुत इंपॉर्टेंट पार्ट क्रिसमस ट्री होता है।



आप घर में पार्टी ऑर्गनाइज कर रही हैं तो क्रिसमस ट्री को भी एक कोने में जरूर सजाएं। उस ट्री पर बेल्स, चॉकलेट्स और लाइट्स सजा सकती हैं। पार्टी की शाम से लेकर रात तक ये बहुत खूबसूरत लगेंगे। जिस जगह पर क्रिसमस ट्री रखना चाहती हैं, वहां पर कॉटन बिखेर दें, इससे बर्फ का अहसास होगा। इसके अलावा फैमिली के किसी एक मेंबर को सेंटा के गेटअप में रेडी करवाएं तो पार्टी और मजेदार हो जाएगी, क्योंकि बच्चों को सेंटा बहुत पसंद होते हैं।

**म्यूजिक सिस्टम :** म्यूजिक के बिना तो हर पार्टी अधूरी रहती है, तो आप इस पार्टी में म्यूजिक का अरेंजमेंट करना ना भूलें। पहले से ही ऐसे म्यूजिक रिकॉर्ड्स और सॉन्ग्स सेलेक्ट कर लें, जो क्रिसमस से रिलेटेड हों। इससे पार्टी में क्रिसमस का और भी शानदार माहौल बन जाएगा। इसके अलावा कुछ हैप्पी, ज्वॉयफुल मूड्स के सॉन्गस भी सेट करके रखें। डांस के लिए भी थोड़ा स्पेस बनाएं।

**पार्टी मेन्यू :** पार्टी है तो खाने-पीने का इंतजाम भी जरूरी है। इस बारे में पहले ही डिसाइड कर लें कि आप पार्टी में किस तरह की डिशेज रखना चाहती हैं? अगर बच्चे और बड़े हर उम्र के लोग पार्टी में आ रहे हैं तो आपको सभी की पसंद के अनुसार डिशेज तैयार करनी होंगी। हैवी डिनर के बजाय कई तरह के लाइट स्नैक्स रखना अच्छा रहेगा। आप पार्टी अरेंजमेंट और गेस्ट्स का वेलकम करने में बिजी रहेंगी तो बेहतर होगा कि डिशेज खुद बनाने की बजाय किसी होटल या रेस्टोरेंट से ऑर्डर करके मंगवा लें। अगर आप कुछ डिशेज खुद बना रही हैं तो डिशेज, इस तरह की हों, जो जल्दी से गर्म करके सर्व हो जाए। इससे आप भी पार्टी एंज्वॉय कर पाएंगी। डिशेज सर्व करने के लिए क्रॉकरी या डिस्पोजेबल्स पहले ही डाइनिंग टेबल पर अरेंज करके रख लें।

**ना भूलें गिफ्ट्स देना :** अब बात आती है कि पार्टी में शामिल होने वाले बच्चों को गिफ्ट्स में क्या दिया जाए? आप गिफ्ट्स के छोटे-छोटे पैकेट्स बना सकती हैं। इनमें उनकी पसंद की ड्राय फूड आइटम्स, चॉकलेट्स और कैंडीज डाल सकती हैं। इनके अलावा स्टेशनरी के सामान को भी पैक करके गिफ्ट के तौर पर दे सकती हैं। या फिर ट्वॉयज भी दे सकती हैं। सबसे अच्छा होगा कि ये गिफ्ट्स बच्चों को वो व्यक्ति दे, जिसने सैंटा का गेटअप लिया हो।

यहां बताई बातों को फॉलो करेंगी तो आपकी क्रिसमस पार्टी बहुत शानदार होगी।

रेसिपी / ओम प्रकाश गुप्ता

इन दिनों आप क्रिसमस पार्टी की तैयारी में जुटी होंगी। बाकी तैयारियों के साथ आप इस बार बाजार से केक मंगाने के बजाय घर पर ही टेस्टी केक बना सकती हैं। हम आपको बता रहे हैं दो केक्स की रेसिपी।

# क्रिसमस पार्टी के लिए घर पर बनाएं टेस्टी केक

## खस जैली केक



**सामग्री :** कंडेंस्ड मिल्क-400 ग्राम, आटा-1 कप, मैदा-1 कप, रिफाइंड ऑयल-1 कप, बेकिंग पावडर-2 छोटे चम्मच, बेकिंग सोडा-1 छोटा चम्मच, नमक-चुटकी भर, खस जैली-100 ग्राम, हरा रंग-2 बूंद, खस एसेंस-2 बूंद, खोया, बादाम-सजाने के लिए

**विधि :** सबसे पहले कंडेंस्ड मिल्क और रिफाइंड ऑयल को मिलाकर फेंटें। इसके बाद जैली को कसकर या मसलकर इसमें मिलाएं। अब रंग और एसेंस भी मिला लें। फिर मैदा, आटा, नमक, बेकिंग पावडर और बेकिंग सोडा मिलाकर छानें और कंडेंस्ड मिल्क वाले मिश्रण में मिलाकर एक ही दिशा में तब तक फेंटें, जब तक उसमें से हवा के बुलबुले ना निकलने लगे और वो फूल जाए। अब केक टिन में चिकनाई लगाकर केक का मिश्रण डालें। 180 डिग्री सेंग्रे. पर प्रिहीटेड ओवन में 35-40 मिनट तक इसे पकाएं। केक में चाकू डालकर देखें। अगर मिश्रण चाकू पर लगे तो 4-5 मिनट और पकने दें। ठंडा करके केक को खोए और बादाम से गार्निश करें। केक रेडी है।

## मेवा केक



**सामग्री :** मैदा-2 कप, कंडेंस्ड मिल्क-400 ग्राम, तेल-1 कप, दूध-1 कप, कटे बादाम-2 बड़े चम्मच, कटे काजू-2 बड़े चम्मच, अखरोट के टुकड़े-2 बड़े चम्मच, किशमिश-2 बड़े चम्मच, कटा पिस्ता-2 बड़े चम्मच, रंग-बिरंगी पेठा चेरी-2 बड़े चम्मच, बेकिंग पावडर-1 छोटा चम्मच, बेकिंग सोडा-आधा छोटा चम्मच, वनिला एसेंस-1 छोटा चम्मच, नमक-1 चुटकी

**विधि:** सबसे पहले एक बाउल में कंडेंस्ड मिल्क और तेल को मिलाकर अच्छी तरह फेंट लें। इसमें वनिला एसेंस भी मिला लें। अब थोड़ा मैदा बचाकर शेष सारी सूखी सामग्री मिलाकर दूसरे बाउल में छलनी से छान लें। फिर इसमें कंडेंस्ड मिल्क-तेल का मिश्रण और कटे मेवे मिला लें। आवश्यकतानुसार दूध मिलाकर बैटर को फ्लोइंग कंसिसटेंसी का कर लें। केक मोल्ड में तेल लगाकर इसमें मैदा बुरक दें। फिर इसमें तैयार बैटर डालकर ऊपर से कटे बादाम, कटा पिस्ता और चेरी डालकर 180 डिग्री सेंग्रे. तक प्रिहीटेड ओवन में रख दें। 30-35 मिनट बाद चाकू डालकर चेक कर लें। चाकू साफ निकले तो केक रेडी है वरना 4-5 मिनट और ओवन में रखें। केक को ठंडा होने पर प्लेट में उल्टा निकालें। साबुत मेवा से गार्निश कर लें। आपका क्रिसमस केक तैयार है।



## नए समर्थन मूल्य को लेकर भी कोई गाइडलाइन नहीं, किसानों में संशय

# शेष बोनस देने अब तक न जानकारी मांगी और न ही जारी हुआ सर्कुलर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

चुनाव से पहले कांग्रेस द्वारा कर्ज माफी किए जाने की घोषणा के बाद करीब 80 फीसदी किसानों ने कर्ज ले लिया। पिछले वर्षों की तुलना में इस सीजन में 34 करोड़ रुपए अधिक कर्ज लिया है। वहीं अब कर्ज की राशि वसूली को लेकर किसान नाखुश नजर आ रहे हैं। अब तक जिले में समिति को लिंकिंग से 22 करोड़ रुपए वसूली हो गई है।

अहम बात यह है कि भाजपा द्वारा शेष बोनस की राशि देने के लिए वादा तो कर दिया गया है, किंतु अब तक इसके लिए न तो जानकारी मांगी गई है और न ही कोई सर्कुलर जारी हुआ है। वहीं दूसरी ओर नए समर्थन मूल्य पर खरीदी को लेकर भी कोई गाइडलाइन जारी नहीं हुआ है। ऐसी स्थिति में किसानों में संशय की स्थिति नजर आ रही है।

अहम बात यह है कि किसानों की कर्ज माफी का वादा कांग्रेस द्वारा किया गया था। ऐसी स्थिति में यह उम्मीद थी कि विधानसभा जीतने के बाद कर्ज माफी का लाभ मिलेगा।इसमें गौर करने वाली बात यह है कि राज्य में इस बार भी कांग्रेस की सरकार बनने का अनुमान काफी जोर शोर से लगाया जा रहा था, किंतु पासा पूरी तरह से पलट गया और कांग्रेस की बुरी तरह से पराजय हो गई। अब इसके बाद किसानों की चिंता इसलिए भी बढ़ गई कि उन्हें कर्ज चुकाना होगा। वहीं दूसरी ओर शासन बदलने के बाद अब भाजपा द्वारा किसानों को 2016 से 2018 का बचा हुआ बोनस देने का वादा किया गया है। किंतु अभी इसके लिए न तो शासन से किसानों की जानकारी मांगी और न ही कोई सर्कुलर जारी किया है।




### पुराने एमएसपी पर हो रही खरीदी

शासन बदलने के बाद फिलहाल अब नए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को लेकर किसी प्रकार की गाइडलाइन नहीं आई है। ऐसे में पुराने शासन द्वारा निधारित दर से ही समितियों में धान की खरीदी हो रही है। भाजपा ने 3 हजार 100 रुपए में धान की खरीदी करने की घोषणा की है, लेकिन इसके लिए अब तक सर्कुलर जारी नहीं हुआ है। वहीं इस बारे में समिति संचालकों ने बताया कि अंतर की राशि किसानों के खाते में भेजी जा सकती है। उम्मीद है कि तत्कालीन घोषणा के मुताबिक 300 रुपए के हिसाब से बोनस की राशि वितरण किया जाएगा।

### वर्ष 2023-24 में 169 करोड़ का कर्ज

जानकारी के अनुसार इस वर्ष 2023-24 खरीफ सीजन के लिए करीब 70 हजार किसानों ने 169 करोड़ रुपए का कर्ज लिया है। जिले में पंजीकृत किसान की संख्या करीब 83 हजार है। करीब 85 प्रतिशत किसानों ने बैंक से ऋण लिया है। सहकारी बैंक में इस बार लक्ष्य 135 करोड़ रखा गया था। पिछले वर्षों की तुलना में इस बार 34 करोड़ रुपए अधिक कर्ज लिया गया है। अब सरकार बदलने के बाद कर्ज की राशि वसूली को लेकर किसान थोड़े नाखुश नजर आ रहे हैं।

### 55 फीसदी धान का उठाव

किसान मौसम के कारण खराब होने के कारण अपनी उपज नहीं बेच पा रहे थे। मौसम साफ होने के बाद किसान टोकन लेकर धान बेचने समिति पहुंच रहे हैं। अब तक जिले में सवा 8 हजार किसानों ने 50 हजार क्विंटल से अधिक धान बेचा है। खरीदी के साथ साथ उठाव भी करीब 55 फीसदी तक हो चुका है।

### करीब सवा 22 करोड़ रुपए वसूले

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जिले में इस सीजन 169 करोड़ का कर्ज लिया गया है। नियमतः धान बेचने के बाद लिंकिंग के जरिए ऋण की राशि काट ली जाती है। ऐसे में अब लिंकिंग द्वारा सवा 22 करोड़ की वसूली की जा चुकी है।

प्लेटफार्म में खड़ी लांग हॉल मालगाड़ी

## फाटक के पास अटकी समरसता एक्सप्रेस



**रायगढ़।** प्लेटफार्म में रविवार की दोपहर एक लांग हॉल मालगाड़ी करीब दो घंटे खड़ी रही। इस मालगाड़ी के खड़े होने की वजह से बिलासपुर की ओर जाने वाली समरसता एक्सप्रेस को ग्रीन सिग्नल नहीं मिल पाया। ऐसी स्थिति में इसे चक्रधरनगर फाटक के पास करीब आधे घंटे तक खड़ा करना पड़ा। ऐसी स्थिति में ट्रेन के भीतर व प्लेट फार्म में ट्रेन का इंतजार कर रहे यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

रेलवे प्रबंधन अक्सर यात्रियों को प्राथमिकता देने की दावा करता है। किंतु कई बार मालगाड़ियों की वजह से यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ जाता है। क्योंकि इन्हीं मालगाड़ियों के कारण ही कई ट्रेन समय पर नहीं चल पाती है। वर्तमान में अधिक माल ढुलाई के चलते एक साथ दो से तीन मालगाड़ियों को जोड़ कर चलाया जाता है, जिसे लांगहॉल कहते हैं। इसकी वजह से भी कई बार यातायात प्रभावित होता है। विशेष तौर पर यात्री गाड़ियों का समय और गति इससे काफी हद तक प्रभावित होता है। कई बार तो यात्री गाड़ी को इन मालगाड़ियों के कारण की घंटे रेलवे स्टेशन से पहले ही रोक दिया जाता है। वहीं कई बार मालगाडी के मैन लाइन पर खड़ी होने के कारण अचानक यात्री गाड़ी का प्लेट फार्म बदल दिया जाता है। सबसे अहम बात यह है कि ऐसा एक बार नहीं बल्कि हर दूसरे या तीसरे दिन देखने को मिलता है।

## खबर संक्षेप

### पीडीएस को कब्जामुक्त कराने कलेक्टर से मांग

**रायगढ़।** वार्ड क्रमांक 17 के पार्षद सलीम नियारिया ने पूर्व में संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान को कब्जे से मुक्त करने के लिये जिला कलेक्टर को लिखित आवेदन कर उक्त समस्या से निजात दिलाने निवेदन किया है। विदित हो कि वार्ड क्रमांक 17 में संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान को संचालन हेतु 2 कमरा सेठ किरोड़ीमल ट्रस्ट के भवन को पूर्व में प्रदाय किया गया था, जिसमें राशन के अतिरिक्त खादी कपड़ा डाल तेल साबुन आदि घरेलू उपयोग से संबंधित सामग्री क्रय की जाती थी शासकीय उचित मूल्य की दुकान बंद होने के पश्चात उक्त दुकान का संचालन मार्केटिंग सोसायटी के द्वारा किया जाता रहा है मार्केटिंग सोसायटी के खिलाफ शिकायत होने के पश्चात उक्त दुकान को वार्ड क्रमांक 12 के संचालक के साथ मर्ज कर दी गई चूंकि भवन वार्ड क्रमांक 17 में स्थित है जिस पर अपनी पैतृक संपत्ति समझ कर मार्केटिंग सोसायटी के अध्यक्ष के द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है क्योंकि उक्त भवन ट्रस्ट के द्वारा प्रशासन को शासकीय उचित मूल्य की दुकान चलाने के लिए प्रदान किया गया था वर्तमान में दुकान का संचालन वार्ड क्रमांक 17 में ही किराए के मकान पर संचालित किया जा रहा है जहां दुकान है वह बहुत सकरी सड़क है ज्यादातर महिलाएं राशन लेने आती है ।

### कोयला खनन करने देव गुड़ी को पहुंचाया नुकसान

**रायगढ़।** कोयला खनन करने के लिए देवी गुडी को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाते हुए ग्राम सरसमाल कोसमपाली के ग्रामीणों ने थाना से शिकायत की है। उन्होनें उत्खनन करने वाली कंपनी पर आदिवासी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। ग्राम सरसमाल कोसमपाली के ग्रामीणों ने थाना प्रभारी तमनार को लिखित शिकायत करते हुए बताया कि कंपनी प्रबंधन द्वारा कोयला खनन करने के लिए उनके देवी देवताओं को अपमान करते हुए देवगुड़ी को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। ऐसी स्थिति में उनकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंच रही है। देव गुडी आदिवासी संस्कृति व सभ्यता का प्रतीक है, यहां पूजा अर्चना की जाती है। समय समय पर यहां ग्राम वासी पूजा अर्चना करते हैं। अब यहां जमीन से कोयला निकालने के लिए उनकी आस्था को ध्वस्त करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके अलावा विवाद आदि कार्यक्रम में भी इस स्थान का काफी महत्व आदिवासी समाज में होता है। इनके आर्शीवाद लेने के लिए कई गांव के लोग यहां आते हैं। यही वजह है कि इस मामले में उचित कार्रवाई करने की मांग की जा रही है।

### शहीद त्रिपाठी स्मृति में टेनिस बॉल प्रतियोगिता

**रायगढ़।** शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी मिनी स्टेडियम में उन्हीं की स्मृति में रात्रि कालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है यह प्रतियोगिता 16 दिसंबर से प्रारंभ की गई। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी के पिता सुभाष त्रिपाठी और माता आशा त्रिपाठी उपस्थिति रही। इसके साथ ही नगर निगम की महापौर जानकी काटजू, नेता प्रतिपक्ष पूनम सोलंकी, पार्षद राकेश तालुकदार, पंकज कंकरवाल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मिनी स्टेडियम में पहली बार रात्रि कालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन की भव्यता को बढ़ाने के लिए रायगढ़ जिला समेत छत्तीसगढ़ और उड़ीसा की टीम में भी हिस्सा ले रही हैं। जिसका उद्घाटन 16 दिसंबर की रात दुधिया रोशनी भरे मैदान में किया गया। जिसमें शुरुआत मुख्य अतिथियों के स्वागत और दीप प्रज्वलन करने उपरांत शहीद कर्नल और उनकी पत्नी तथा बेटे के प्रति मौन धारण कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। मैदान में बड़ी संख्या में खिलाड़ी और दर्शक उपस्थित रहे। आयोजन समिति का सभी ने खुले मंच से सराहना की।

लारीपानी में हुआ हादसा

## अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराई, दो युवकों की मौत



**रायगढ़।** लैलूंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत लारीपानी के समीप दुर्गापुर गांव के पास एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। जिससे मौके पर ही बाइक में सवार दोनों युवकों की मौत हो गई। सूचना मिलने पर 112 की टीम मौके पर पहुंची और उन्हें अस्पताल लाया गया है। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस भी आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायकेरा स्थित एनटीपीसी में काम करने वाले दो युवक प्लांट से अपना काम खत्म कर शनिवार की रात वापस लैलूंगा आ रहे थे, इसी बीच लारीपानी के समीप स्थित दुर्गापुर गांव के सामने उनकी तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। जिससे वे दोनों खाई में गिर गए। सुबह कुछ ग्रामीणों की नजर उनपर पड़ी। इस दुर्घटना की जानकारी मिलते ही गांव वाले मौके पर पहुंचे और 112 को सूचित किया। सूचना मिलने के बाद 112 की टीम पहुंची और दोनों युवकों को अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार एक युवक लैलूंगा के ग्राम बांसडांड का निवासी महेश सिदार उम्र 28 वर्ष वहीं दूसरा उसका सहकर्मी मिलाप नायक उम्र 24 वर्ष जो कि उसके साथ ही गांव में रहता था और मूलतः झारखंड के सिमडेगा का निवासी है। बताया जा रहा है कि दोनों युवक रायकेरा एनटीपीसी में सुरक्षाकर्मी का काम करते थे।

## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 30 तक

**सारंगढ़।** अनुसूचित जाति जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग एसटी एससी और ओबीसी विद्यार्थी जो छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित शासकीय, अशासकीय विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, इंजीनियरिंग, मेडिकल, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक, आईटीआई आदि में अध्यनरत हो वे 30 दिसंबर तक पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए वेबसाइट पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन में ऑनलाइन आवेदन आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद शिक्षा सत्र 2023-24 के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ऑनलाइन आवेदन हेतु पोर्टल बंद कर दिया जाएगा। इसके साथ साथ ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक 20 जनवरी 2024 तक और सैंक्शन ऑर्डर लॉक 24 जनवरी 2024 तक करना निर्धारित है। अंतिम तिथि तक कार्रवाई पूर्ण नहीं करने पर संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते हैं तो इसके लिए संस्था प्रमुख जिम्मेदार होंगे। पीएफएमएस के माध्यम पर आधारित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान किया जा रहा है। सभी विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन करते समय ध्यान रखें कि उनका बचत खाता एक्टिव हो और आधार नंबर स्टेट बैंक खाता नंबर में एंट्री प्रविष्टि होना चाहिए। वित्तीय वर्ष 2023-24 से विद्यार्थियों द्वारा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृतियां किए गए आवेदन का सत्यापन आधार से लिंक मोबाइल नंबर पर ओटीपी के माध्यम से किया जाना है।

## त्रिपुरा बटालियन की शिकायत पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छाल थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित एसईसीएल के कोयला खदान में सुरक्षा के लिए तैनात त्रिपुरा बटालियन के अधिकारियों की शिकायत पर छाल पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ कई धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। फिलहाल शिकायत मिलने के बाद पुलिस इस मामले में जांच शुरू कर दी गई है।

गौरतलब है कि छाल में शुक्रवार की दोपहर त्रिपुरा राइफल्स व ग्रामीणों के बीच ट्रकों को रोके जाने की बात को लेकर पहले तो विवाद शुरू हो गया, जिसके बाद यह विवाद हाथापाई में बदल गया। बताया जा रहा है कि ग्रामीणों ने त्रिपुरा राइफल्स के जवानों को डंडे से मारपीट की, वहीं कुछ जवानों के द्वारा स्थिति को काबू करने के लिए सख्त कदम उठाए थे। इधर इस बात की सूचना मिलते ही भारी संख्या में पुलिस मौके पर पहुंच गई और विवाद को सुलझाने का प्रयास करने लगी। इस मारपीट व हाथापाई में कुछ अधिकारी व जवानों सहित ग्रामीणों को भी चोंट लगने व घायल होने की बात सामने आई थी।

■ जांच में सामने आएंगे कई तथ्य, विवेचना आरंभ

दरअसल छाल क्षेत्र में शुक्रवार की दोपहर तकरीबन 2 बजे त्रिपुरा राइफल्स के द्वारा एसईसीएल बाईपास मार्ग से प्रवेश कर रहे कुछ भारी वाहनों को रोका गया था। जब जवानों ने इन वाहनों को रोका तो कुछ ग्रामीण वहां पहुंच गए और ट्रकों को नहीं रोकने की बात कहने लगे। इस बात को लेकर ग्रामीणों व जवानों के बीच विवाद बढ़ गया और देखते ही देखते यह विवाद हाथापाई तक जा पहुंचा। जब इस बात की सूचना गांव के अन्य ग्रामीणों को हुई तो वे भी भारी संख्या में वहां पहुंच गए और लाठी डंडे से तथा पथराव करके त्रिपुरा राइफल के जवानों के साथ मारपीट की। बताया जा रहा है कि ग्रामीणों को तितर बितर करने के लिए जवानों के द्वारा हवाई फायरिंग की गई। इस मामले में शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 147, 148, 186, 332, 342, 353, 447 के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है।

### मामले की जांच की जा रही

त्रिपुरा बटालियन के अधिकारियों की ओर से एक शिकायत प्राप्त हुई, जिसके तहत अज्ञात आरोपियों के खिलाफ बलवा सहित अन्य धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया है। वहीं मामले की जांच भी प्रारंभ कर दी गई है।

- **त्रिनाथ त्रिपाठी** थाना प्रभारी, छाल

## मुख्यमंत्री साय की अध्यक्षता में सम्पन्न होगा अग्रोहा धाम का लोकार्पण

**रायगढ़।** नगर में अग्रवाल समाज द्वारा करोड़ो की लागत से सर्व सुविधायुक्त विशाल भवन का निर्माण कराया है। जिसका विधिवत लोकर्पण 27 दिसंबर को भारत के लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला के मुख्य आतिथ्य और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षा में संपन्न होगा। पूर्व में श्री अग्रोहा धाम चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्यों में दिल्ली में ओम बिड़ला जी मुलाकात कर उन्हें निमंत्रण दिया था और उन्हें ने आने के लिए अपनी सहमति प्रदान की थी। इसी कड़ी में शनिवार को अग्रोहाधाम का प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश के नए मुखिया मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी से मुलाकात की और उन्हें भी अग्रोहा धाम के लोकार्पण में आने के लिए आग्रह किया। जिसपर उन्हें ने कार्यक्रम अध्यक्ष के रुप मे सम्हारोह में शामिल होने के लिए अपनी सहमति प्रदान की। ढिमरापुर चौक जिंदल रोड वृंदावन कॉलोनी के सामने नव निर्मित अग्रोहा धाम का 27 दिसंबर को भव्य लोकार्पण में समाज के सभी नव निर्वाचित विधायको को भी आमंत्रित किया जा रहा है।

■ रायपुर में प्रदेश के मुखिया से मिला अग्रोहाधाम का प्रतिनिधि मंडल



## सीबीएसईः इस बार बोर्ड से उपलब्ध नहीं होगी प्रैक्टिकल की आंसर बुक

**रायगढ।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने दसवीं व 12वीं कक्षाओं के प्रैक्टिकल परीक्षा की स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर एसओपी जारी कर दी है। इसमें यह स्पष्ट किया गया है कि एक बार संस्थान की ओर से प्रैक्टिकल के अंक वेबसाइट पर अपलोड कर देने के बाद उसमें परिवर्तन नहीं किया जा सकेगा। स्कूलों को एक जनवरी से 14 फरवरी के बीच प्रैक्टिकल एग्जाम पूरे करने होंगे। संबंधित कक्षा के आखिरी दिन स्कूलों में प्रैक्टिकल के अंक अपलोड करने होंगे। दसवीं कक्षा की परीक्षाओं को एक्सटर्नल एग्जामिनर नियुक्त नहीं किया जाएगा। दसवीं के छात्रों के लिए प्रैक्टिकल आंसर बुक बोर्ड की ओर से उपलब्ध नहीं करवाई जाएगी। स्कूलों को अपने स्तर पर ही इसकी व्यवस्था करनी होगी। 12वीं कक्षा के प्रैक्टिकल व असेसमेंट के लिए बोर्ड की ओर से एक्सटर्नल एग्जामिनर की नियुक्ति की जाएगी। स्कूल अपने स्तर पर एक्सटर्नल की व्यवस्था नहीं कर पाएंगे। प्रैक्टिकल परीक्षाओं पर निगरानी रखने के लिए बोर्ड की ओर से ही ऑर्जवर्स की नियुक्ति की जाएगी। इंटरनल एग्जामिनर की व्यवस्था स्कूलों को करनी होगी। स्कूलों के निर्देश दिए गए हैं कि इंटरनल की व्यवस्था करते समय संबंधित व्यक्ति का अनुभव जरूर देखना होगा।

## जहां दूसरों से उम्मीद खत्म होती है वहां से मोदी की गारंटी शुरू होती है : पीएम

**सारंगढ़।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का वर्चुअल शुभारंभ नरेंद्र मोदी के द्वारा किया गया। लाभार्थियों ने पीएम मोदी को अपने अनुभव साझा किया। श्री मोदी ने कहा कि ऐसा चौथी बार आयोजन है जिसमें मैं शामिल हुआ हूं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान फसल बीमा योजना सेए जैविक खेती से ग्रामीण अर्थव्यवस्था गांव को विकसित बनाने वाले हैं।

सरकार की योजनाएं गांव गरीब तक पहुंचती है और यह विकास शहर तक भी पहुंच रही है। 10 वर्ष से लंबे समय तक विकास हुआ है। वह शहर से गांव तक अमृत मिशन, स्मार्ट सिटी, वॉटर ड्रेनेज सिस्टम, शहरों में सीसीटीवी नेटवर्क आदि योजनाओं के माध्यम से पहुंचा है। गांव शहर के गरीब मध्यवर्गीय परिवारों को इसका लाभ मिला है। हमारी सरकार ने जनता की चिंता को कम करने की कोशिश की है। कोरोना कल में मुफ्त वैक्सीन दिया है। जहां दूसरों से उम्मीद खत्म होती है वहां से मोदी की गारंटी शुरू होती है। हमारे सरकार की योजनाओं का 78 प्रतिशत लाभार्थी ओबीसी पिछड़ा वर्गए दलितए आदिवासी वर्ग से है। यह हमारी ही सरकार है जिसने कोरोना काल में हर गरीब को मुफ्त राशन दिया है। यह हमारी ही सरकार है जिसने कोरोना काल में छोटे उद्योगों को बचाने के लिए लाखों करोड़ रुपए के मदद प्रदान किया है। जहां दूसरों से उम्मीद खत्म हो जाती है वहां से मोदी की गारंटी शुरू होती है। फुटपाथ पर काम करने वाले हो या बैंकिंग सिस्टम से जोड़ने काए 45 प्रतिशत लाभार्थी यानी जिनके पास बैंक में रखने के लिए कोई गारंटी नहीं थी उनके लिए मोदी की गारंटी काम आ रही है। शहर में रहने वाले लोगों की सामाजिक सुरक्षा के लिए हमारी सरकार ने गंभीरता से काम किया है। अटल पेंशन योजना से अभी तक देश के 6 करोड़ साथी जुड़ चुके हैं। 5000 रुपए तक नियमित पेंशन सुनिश्चित हो रहा है। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से 20 रुपए के इस बीमा से 2 लाख रुपए का लाभ मिलता है।




■ पीएम मोदी ने किया विकसित भारत संकल्प यात्रा का वर्चुअल शुभारंभ

## सट्टा पट्टी लिखने वाले 14 आरोपी गिरफ्तार, 33 हजार नकद जब्त

**रायगढ़।** साइबर सेल एवं थाना कोतवाली, चक्रधरनगर और थाना जूटमिल स्टाफ की संयुक्त टीम बनाकर लगाये मुखबिरों से जानकारी लेकर शहर के विभिन्न स्थानों में सट्टा पट्टी लिखने वालों पर छापेमार कार्यवाही किया गया। इस दौरान कोतवाली, चक्रधरनगर और जूटमिल थाना क्षेत्र में 14 आरोपियों को पुलिस टीम द्वारा सट्टा पट्टी लिखते पकड़ा गया है जिनसे कुल रकम 33 हजार नगद एवं लाखों रुपए के सट्टा पट्टी विवरण की जप्ती की गई है संबंधित थाना क्षेत्र में आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है। पकड़े गए आरोपियों को सख्त हिदायत दिया गया है कि दोबारा पकड़े जाने पर प्रतिबंधक कार्यवाही भी अमल में लाई जाएगी। सट्टा पट्टी लिखने वालों और अवैध कारोबार में लिप्त व्यक्तियों पर आगे भी कार्रवाई जारी रहेगीए सट्टा पट्टी पर चलाये गये अभियान में सायबर सेल के समस्त स्टाफ का विशेष योगदान रहा है।

## प्रधान आरक्षक बसंत ने 10 मीटर एयर पिस्टल में जीता रजत



■ पहली ही पारी में मारी बाजी जिले को किया गौरवान्वित

**रायगढ़।** जिले के पुलिस लाइन में पदस्थ प्रधान आरक्षक बसंत पाण्डेय ने दिल्ली में 3 तक खेलो मास्टर गेम्स फाउंडेशन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय नेशनल गेम्स में भाग लिया, जहां उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में सिल्वर पदक लाकर पूरे भारत में रायगढ़ जिले का नाम रोशन किया हैं।

बसंत पांडे एक ऐसे जवान है जिन्होंने पहले ही अटेम्ट में अचीवमेंट हासिल किया हैं और सिल्वर मेडल लाकर पूरे जिले का नाम गौरांवित किए हैं। बसंत पांडे एक ऐसे जवान है जिसको ठान लेते है उसको करके ही छोड़ते है बसंत पांडे एक शूटर के साथ साथ एक अच्छे धावक भी है जिनके सामने लंबी दौड़ में अच्छे अच्छों की पसीने निकल जाते है। बसंत पाण्डेय बताते है की उन्होंने प्रदीप ईजारदार को हर साल शूटिंग में गोल्ड मेडल लाते देखकर शूटिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के बारे में सोचा और एक नया एयर पिस्टल खरीदकर अपने घर में प्रेक्टिस करना शुरू कर दिया।




